**सजेगा बाजार** | गणेश चतुर्थी नजदीक आते ही बढ़ेगी खरीददारी, अलग-अलग डिजाइन और कीमतों में प्रतिमाएं उपलब्ध

# गणेश चतुर्थी से पहले सजा प्रतिमा बाजार



**नवभारत , जबलपुर ।** गणेश चतुर्थी नजदीक आते ही शहर के बाजारों में गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी को लेकर हलचल शुरू हो गई है। इस बार बाजार में पारंपरिक प्रतिमाओं के साथ पर्यावरण अनुकूल गणेश भी लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। शुद्ध मिट्टी से बनी प्रतिमाओं से लेकर गोबर गणेशा तक कई विकल्प उपलब्ध हैं।

### कीमतों में आकार और डिजाइन के अनुसार अंतर

बाजार में गणेश प्रतिमाओं की कीमत उनके आकार, डिजाइन और निर्माण सामग्री के अनुसार तय की गई है। चौक मिट्टी से बनी प्रतिमाएं 500 रुपए से लेकर 3500 रुपए तक उपलब्ध हैं, वहीं 'ग्रोइंग गणेशा' की कीमत 1100 रुपए से शुरू हो रही है। खास बात यह है कि ग्रोइंग गणेशा के साथ गमला, खाद, मिट्टी, नौ प्रकार के बीज और दो सीड बॉल भी दिए जा रहे हैं। विक्रेताओं के अनुसार गणेश चतुर्थी नजदीक आने के साथ अलग-अलग बजट के ग्राहक अपनी पसंद की प्रतिमा खरीदने पहुंचेंगे। बाजार में करीब 1100 रुपए से शुरू होने वाली मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। विक्रेताओं के अनुसार इन्हें मुंबई, महाराष्ट्र से मंगवाया गया है। इन प्रतिमाओं की खासियत यह है कि इनके साथ गमला, खाद, मिट्टी और नौ प्रकार के बीज दिए जाते हैं। इसके अलावा ग्राहकों को दो सीड बॉल भी दी जाती हैं। यानी प्रतिमा की स्थापना और विसर्जन के बाद उसी से पौधा तैयार करने का विकल्प भी मिलता है।

### मुंबई और अमरावती से आ रही प्रतिमाएं

बाजार में इस बार गणेश प्रतिमाओं की अलग-अलग वैरायटी दूसरे शहरों से मंगाई गई हैं। शुद्ध मिट्टी से बनी 'ग्रोइंग गणेशा' प्रतिमाएं मुंबई, महाराष्ट्र से, जबकि चौक मिट्टी से तैयार गणेश प्रतिमाएं अमरावती से मंगवाई गई हैं। विक्रेताओं के अनुसार दोनों जगहों से आने वाली प्रतिमाओं में अलग-अलग आकार और डिजाइन उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहकों को अपनी पसंद और बजट के अनुसार विकल्प मिल रहे हैं।

### गोबर गणेशा में आस्था के साथ शुद्धता का संदेश

गोबर से बनी गणेश प्रतिमाएं भी इस बार बाजार में आकर्षण का केंद्र हैं। विक्रेता के अनुसार गोबर को भारतीय परंपरा में शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, इसलिए गोबर गणेशा में धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी जुड़ा है।

### तीज पर सुहागिनों का व्रत

हरतालिका तीज के अवसर पर सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना से निर्जला व्रत रखती हैं। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा की जाती है। महिलाएं तीज की कथा सुनने के साथ माता पार्वती से सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं। इस वर्ष हरतालिका तीज 14 सितंबर, सोमवार को मनाई जाएगी। प्रात:काल पूजा के लिए सुबह 6:05 बजे से 7:06 बजे तक का समय बताया गया है।

### इनका कहना है



ग्रोइंग गणेशा की प्रतिमाएं हम पिछले चार साल से ला रहे हैं। ये शुद्ध मिट्टी से बनी होती हैं और मुंबई, महाराष्ट्र से मंगाई जाती हैं। इसके साथ गमला, खाद, मिट्टी, नौ तरह के बीज और दो सीड बॉल भी दिए जाते हैं। लोगों को यह कॉन्सेप्ट पसंद आ रहा है, क्योंकि गणेशजी की स्थापना के बाद भी इसका उपयोग पौधा लगाने में किया जा सकता है। चतुर्थी जैसे-जैसे करीब आएगी, वैसे ही खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

**कृष्णा राय , दुकानदार**



इस बार मिट्टी की प्रतिमाओं में कई नए डिजाइन और आकार आए हैं। हमारे यहां चौक मिट्टी से बनी प्रतिमाएं करीब 500 से 3500 रुपए तक उपलब्ध हैं, जिन्हें अमरावती से मंगवाया गया है। अभी ग्राहक ज्यादा संख्या में नहीं आ रहे हैं, लेकिन गणेश चतुर्थी नजदीक आते ही खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है। लोग अब प्रतिमा लेते समय उसके मटेरियल और पर्यावरण पर पड़ने वाले असर के बारे में भी पूछ रहे हैं, इसलिए मिट्टी की प्रतिमाओं को लेकर अच्छी पूछताछ हो रही है।

**शिवा कोरी , मूर्ति विक्रेता**

# निबंध प्रतियोगिता से हुआ दिल्ली दर्शन का चयन

▸ 'सांसद दिल्ली दर्शन' में 70 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, खुशी, सौम्यता और वंश का हुआ चयन



**नवभारत , जबलपुर ।** पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय मॉडल उत्कृष्ट विद्यालय में बुधवार को 'सांसद दिल्ली दर्शन' कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में करीब 70 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के बाद विद्यालय से तीन विद्यार्थियों का चयन नई दिल्ली भ्रमण के लिए किया गया। चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 10वीं की खुशी नागवानी, कक्षा 12वीं की सौम्यता दुबे और कक्षा 11वीं के वंश सिंह राजपूत शामिल हैं।

### पांच विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय मॉडल उत्कृष्ट विद्यालय जबलपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घमापुर, सांदीपनि शासकीय उमावि अधारताल, क्राइस्ट चर्च हायर सेकंडरी स्कूल घमापुर और सेंट जोसफियन स्कूल रांझी के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता दोपहर 1 बजे आयोजित की गई।

### सांसद ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें अध्ययन के साथ देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और सांस्कृतिक विरासत को समझने के लिए प्रेरित किया। सांसद के मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी उद्बोधन से विद्यार्थियों में उत्साह नजर आया।

### अधिकारी और शिक्षक रहे मौजूद

इस दौरान संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग घनश्याम सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे, जिला स्रोत समन्वयक योगेश शर्मा और विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार परिहार मौजूद रहे। आयोजन में डीएसओ मधुमिता हाजरा और अंजना राणा का सहयोग रहा। संचालन के.के. चौबे ने किया।

### प्रतियोगिता के साथ बढ़ा दिल्ली जाने का उत्साह

निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी सोच और विचारों को शब्दों के माध्यम से सामने रखा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना रहा। चयनित विद्यार्थियों को दिल्ली भ्रमण के दौरान राजधानी के प्रमुख शैक्षिक और सांस्कृतिक स्थलों को देखने-समझने का अवसर मिलेगा। इससे विद्यार्थियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

### एक नजर में

## मटका संगीत के जनक को आज दी जाएगी श्रृद्धांजलि



**नवभारत,जबलपुर।** भूमिगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मुंबई फिल्म जगत में मटका संगीत के जनक स्व. रतन चंद नामदेव की 31वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 10 सितंबर को किया गया है। यह श्रद्धांजलि सभा शैलेष सतीश नामदेव, एडवोकेट, एडवोकेट योगेश नामदेव एवं मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोज नामदेव के निवास पर, महाराष्ट्र स्कूल के आगे, पी.सी. ज्वेलर्स के बाजू से, दूरसंचार कार्यालय के पास, राइट टाउन, जबलपुर में 10 सितंबर गुरुवार, सुबह 11:30 बजे से आयोजित की जाएगी। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जबलपुर शहर जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ एवं ग्रामीण अध्यक्ष नारायण सिंह शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

## 13 को होगी स्कूली विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतियोगिता

**नवभारत,जबलपुर।** ध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिंदी समिति एवं केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदी महोत्सव के अंतर्गत 13 सितंबर को सुबह11 बजे रामपुर स्थित कल्याण भवन में स्कूली विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता तीन आयु-वर्गों में आयोजित होगी। इसमें कक्षा पहली से तीसरी, कक्षा चौथी से सातवीं तथा कक्षा आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए ड्राइंग शीट आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि रंग, पेंसिल एवं अन्य रेखांकन सामग्री की व्यवस्था प्रतिभागियों को स्वयं करनी होगी।



# कलेक्टर ने दी महापौर और निगमायुक्त को बधाई

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण.2026 में 10 लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों में देश में तीसरा स्थामन प्राप्त करने पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शहरवासियों को और नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी है। बुधवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज और नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह से कलेक्टर कार्यालय में भेंट की। इस दौरान कलेक्टर ने शहर को मिली इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जबलपुर को मिले इस सम्मान ने राष्ट्रीय पटल पर शहर का मान और सम्मान बढ़ाया है।

# देश में तीसरा स्थान प्राप्त करना संस्कारधानी के नागरिकों का सम्मान : राकेश सिंह

▸ मंत्री राकेश सिंह ने महापौर और निगमायुक्त को दी बधाई



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय वायु सर्वेक्षण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जबलपुर शहर ने देश के मानचित्र पर अपनी एक अलग और ऐतिहासिक पहचान दर्ज कराई है। इस प्रतियोगिता में देश भर में तीसरा स्थान हासिल करने की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को नगर निगम जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' निगम अध्यक्ष रिंकू विज एवं नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त कर शहर का नाम रोशन करने के लिए पूरी टीम को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर वायु सर्वेक्षण प्रतियोगिता में जबलपुर का देश में तीसरा स्थान प्राप्त करना अत्यंत गौरव की बात है। यह उपलब्धि केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि संस्कारधानी के प्रत्येक नागरिक का सम्मान है, जिनके सहयोग और सजगता से शहर ने यह मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज, महापौर परिषद के सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए जबलपुर को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प को दोहराया।

# संगिनी की सेवा कार्य, जरूरतमंदों को पहुंचाई राहत

▸ जरूरतमंदों को बांटे छाते

**नवभारत , जबलपुर ।** बारिश के मौसम में जरूरतमंदों को राहत देने के उद्देश्य से संगिनी सेवा संगठन की ओर से सेवा कार्य किया गया। संगठन की बहनों ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें छाते वितरित किए। बारिश में रोजमर्रा के काम और आवागमन के दौरान होने वाली परेशानी को देखते हुए छाता वितरण की पहल की गई।



### जरूरतमंदों के बीच पहुंची सेवा

सेवा कार्य के दौरान सदस्यों ने जरूरतमंदों से संवाद किया और उन्हें छाते दिए। संगठन की ओर से बताया गया कि समाज के जरूरतमंद वर्ग की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के प्रयास लगातार किए जाते हैं। इसी क्रम में बारिश के मौसम को देखते हुए छाता वितरण किया गया।

### इन सदस्यों ने निभाई सहभागिता

कार्यक्रम संयोजिका निधि गुप्ता, अध्यक्ष पदमा लाडगे, सचिव गौरी पांडे और कोषाध्यक्ष रचना पांडया के साथ अंजू, आभा, मीनल, प्रभा, किरण सराफ, किरण मानिक, निधि, कविता, ज्योति सहित अन्य बहनें उपस्थित रहीं। सदस्यों ने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता करते हुए जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई।

# राधा कृष्ण विद्यालय में मनाया गया छठी महोत्सव

**नवभारत,जबलपुर।** देश प्रदेश और शहर में भगवान श्री कृष्ण की छठी कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में व्हीकल स्टेट गंगा मैया स्थित राधा कृष्ण विद्यालय में विधि विधान के साथ भगवान श्री कृष्ण की छठी मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य दीपा द्विवेदी ने भगवान श्री कृष्ण की मां यशोदा का रोल निभाते हुए छठी मनाई और भगवान बाल कृष्ण को 56 भोग ग्रहण कराया। राधा कृष्ण विद्यालय में परम पूज्य महाराज महेंद्र द्विवेदी द्वारा भगवान का पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद स्कूल के छात्र-छात्राओं को 56 भोग प्रसाद स्वरूप बांटा गया। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण का भजन कीर्तन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।



# 1,763 स्कूलों में बिजली कनेक्शन का कार्य पूरा

▸ 2,752 स्कूलों का किया गया सर्वेक्षण, शेष स्कूलों में भी तेजी से हो रहा विद्युतीकरण

**नवभारत,जबलपुर।** विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्युतीकरण का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। कंपनी के अंतर्गत 24 जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्यवाही जारी है, जहां अब तक विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

31 अगस्त 2026 तक की स्थिति के अनुसार राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा चिन्हित 2,752 गैर-विद्युतीकृत विद्यालयों का सर्वेक्षण कंपनी द्वारा पूर्ण किया जा चुका है। सर्वेक्षण में 394 विद्यालयों में पहले से विद्युत कनेक्शन पाए गए, जबकि कुछ विद्यालयों में भवन उपलब्ध नहीं होने अथवा अन्य कारणों से तत्काल कनेक्शन संभव नहीं है। शेष 2,254 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इनमें 814 विद्यालय ऐसे हैं, जहां बिना किसी अतिरिक्त विस्तार कार्य के सीधे विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जा सकते हैं, जबकि 1,440 विद्यालयों में विद्युत लाइन/नेटवर्क विस्तार की आवश्यकता चिन्हित की गई है। कंपनी द्वारा इन दोनों श्रेणियों में कार्य को गति देते हुए अब तक कुल 1,763 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। इनमें बिना विस्तार कार्य वाले 814 विद्यालय तथा विस्तार कार्य पूर्ण कर 949 विद्यालयों को विद्युत सेवा से जोड़ा जा चुका है। इस प्रकार लक्षित 2,254 विद्यालयों में से लगभग 78 प्रतिशत विद्यालयों का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। शेष 491 विद्यालयों में भी आवश्यक कार्यवाही प्रगतिरत है। इसके साथ ही पूर्ण किए गए 1,763 कनेक्शन कार्यों में से 1,667 जनरेट किए जा चुके हैं।

# मप्र विद्युत महिला मंडल में भक्तिभाव से मनाया गया लड्डू गोपाल का छठी उत्सव

▸ भक्तिमय नृत्य प्रस्तुतियां रहीं आकर्षण का केंद्र



**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल के तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में लड्डू गोपाल का छठी उत्सव श्रद्धा, हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भक्ति और सांस्कृतिक रंगों का सुंदर समागम देखने को मिला। इस अवसर पर महिला मंडल की सदस्याओं ने विधि-विधान से लड्डू गोपाल की मालिश, स्नान एवं श्रृंगार किया। इसके बाद विशेष भोग अर्पित कर उन्हें पालने में झुलाया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं भक्तिमय नृत्य प्रस्तुतियों ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया। वहीं विशेष कलाकारों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक रासलीला ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. अंजना तिवारी, सचिव डॉ. ज्योति परवार एवं कोषाध्यक्ष सीमा खरे सहित वंदना करें, वंदना गायकवाड़, भारती वर्मा, राजेश्वरी कुशवाहा, संध्या कर्नाड, रश्मि निगम तथा अन्य सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का समापन भगवान श्रीकृष्ण की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्याओं ने भगवान श्रीकृष्ण से सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

**कार्यशाला** | दो दिवसीय कार्यशाला का आगाज, 11 सितंबर को लगेगी प्रदर्शनी

# रानी दुर्गावती विवि में बन रहीं ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं

**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान के द्वारा 'इको-फ्रेंडली गणेश आइडल वर्कशॉप' का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस बुधवार को विद्यार्थियों को मिट्टी से पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा तैयार करने की तकनीक सिखाई गई।



इस दौरान ट्रेनर श्रीया जैन ने विद्यार्थियों को गणेश प्रतिमा निर्माण की प्रारंभिक प्रक्रिया से अवगत कराया। विद्यार्थियों को विशेष रूप से बताया गया कि प्रतिमा बनाने के लिए मिट्टी को किस प्रकार तैयार किया जाता है, उसे आवश्यकतानुसार गूंथकर आकार देने योग्य बनाया जाता है तथा मिट्टी की सही बनावट और मजबूती किस प्रकार सुनिश्चित की जाती है। इसके बाद इसी तैयार मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमा बनाने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। विवि प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार 11 सितंबर को छात्र छात्राओं द्वारा निर्मित मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा की प्रदर्शनी लगेगी। वहीं कुलगुरु प्रो राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, हस्तकौशल तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना है। मिट्टी से बनी इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ विद्यार्थियों को पारंपरिक कला के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश भी देती हैं।

### दूसरे दिन की जाएगी पेंटिंग

कार्यक्रम कॉर्डिनेटर डॉ अजय मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों द्वारा तैयार गणेश प्रतिमाओं पर पेंटिंग एवं रंग सज्जा का कार्य किया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थी विभिन्न रंगों और कलात्मक तकनीकों के माध्यम से प्रतिमाओं को आकर्षक रूप प्रदान करेंगे।

### छात्राओं ने बनाई आकर्षक ईक्रो फ्रेंडली गणेश भगवान की प्रतिमाएं



माता गुजरी महिला महाविद्यालय (स्वशासी), जबलपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग ,इको क्लब एवं चित्रकला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को 'बप्पा - पर्यावरण अनुकूल संस्करण' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चित्रकला एवं वनस्पति विभाग की छात्राओं ने मिट्टी, हल्दी, मुल्तानी मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से पर्यावरण के अनुकूल भगवान गणेश जी की प्रतिमाएं बनाई। इस दौरान छात्राओं को पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) से बनी मूर्तियों से होने वाले जल प्रदूषण और पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्राओं ने यह संकल्प लिया कि वे इस वर्ष अपने घरों में इको-फ्रेंडली गणेश जी की ही स्थापना करेंगी और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करेंगी। इस कार्यशाला में डॉ. मोनिका धगट, डॉ. रानू सिंह, डॉ.राकेश तिवारी , डॉ संगीता लाल, सरल भार्गव , आकांक्षा नामदेव और माया रैकवार का सहयोग रहा।

# भगवान कृष्ण के पूजन के साथ डॉक्टर-शिक्षकों का किया सम्मान

▸ इरा नंदनी कायस्थ महिला क्लब के कार्यक्रम में रही धूम



**नवभारत,जबलपुर।** इरा नंदिनी कायस्थ वुमेन्स क्लब की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में होटल विजन महल में उत्साह और उमंग से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर और शिक्षक सम्मान भी आयोजित किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को मनाया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्सव की खुशियां साझा कीं। इस कार्यक्रम में डॉ. श्वेता श्रीवास्तव और सौम्य सम्माननीय अतिथि थी।

कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के लिए आकर्षक छप्पन भोग की थाली सजाई गई। वहीं, सुंदर ढंग से झूले का श्रृंगार कर भगवान श्रीकृष्ण को झूला झुलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरे कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर समाज और मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉक्टरों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। शिक्षकों के समाज निर्माण में योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान इरा नंदनी कायस्थ वुमेन क्लब की अध्यक्ष शीतल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अंशुल वर्मा , ग्रुप की सिमरन सक्सेना, निधि श्रीवास्तव, राजश्री खरे, निधि खरे, शालनी वर्मा, रुचि श्रीवास्तव, आयुषी सक्सेना सहित अन्य मौजूद रहीं।